तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सुखदेव सिंह गोदारा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353429664949147	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/04/25	अपीलार्थी सुखदेव सिंह गोदारा निवासी 1090, वार्ड नं. 8, भोपालगढ़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 19.03.2025 को पे मेनेजर बिल से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 379 दिनांक 03.04.2025 से बतलाया कि प्रार्थी को दिनांक 24.03.2025 को ऑनलाईन सूचित किया जा चुका है कि आवेदन पत्र में वर्णित सूचना प्रश्नात्मक, सूचना का सृजन किये जाने एवं उन सूचनाओं की व्याख्या किये जाने से संबंधित है जो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत देय नही है तथा प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग, जयपुर के परिपत्र दिनांक 02.02.2009 के अन्तर्गत पैरा 3 के अनुसार लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना सृजित करना या सूचना की व्याख्या करना या आवेदन द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान करना अथवा काल्पनिक प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid	

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.04.1? ?8:55:26 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14798682